सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-337**
01/08/2018

पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भीष्म नारायण सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 01 अगस्त 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भीष्म नारायण सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भीष्म नारायण सिंह के रूप में देश ने एक बड़े व्यक्तित्व को खो दिया है। भीष्म नारायण सिंह ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल एवं अविभाजित बिहार में कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया था। उन्होंने हमेशा संसदीय लोकतंत्र की मजबूती की बात की। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******